उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 1161 /24(2026)/प्रेस विज्ञप्ति /2026–27 दिनांकः 09/जून/2026

विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–51 (सहायक आचार्य) के निम्नलिखित 33 विषयों के 910 पदों के सापेक्ष लिखित पुर्नपरीक्षा दिनांक 18 एवं 19 अप्रैल, 2026 को सम्पन्न करायी गई, जिसमें कुल 39192 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थेः–

1.	हिन्दी	12	प्राचीन इतिहास	23.	राजनीतिशास्त्र
2.	उर्दू	13	एशियन कल्चर	24.	शारीरिक शिक्षा
3.	अंग्रेजी	14.	भूगोल	25.	सैन्य विज्ञान/सैन्य अध्ययन
4.	संस्कृत	15.	मनोविज्ञान	26.	गृह विज्ञान
5.	चित्रकला	16.	शिक्षा शास्त्र	27.	विधि
6.	संगीत गायन	17.	दर्शन शास्त्र	28.	वाणिज्य
7.	संगीत सितार	18.	मानव शास्त्र	29.	रसायन विज्ञान
8.	संगीत तबला	19.	समाजशास्त्र	30.	वनस्पति विज्ञान
9.	इतिहास	20.	अर्थशास्त्र	31.	जीव विज्ञान/प्राणि विज्ञान
10.	गणित	21.	भौतिक विज्ञान	32.	सांख्यिकी
11.	कृषि अर्थशास्त्र	22.	उद्यान विज्ञान/उद्यानिकी	33.	पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान

उक्त 33 विषयों के सापेक्ष साक्षात्कार हेतु औपबन्धिक रूप से कुल 3155 सफल अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा परिणाम आज दिनांक 09.06.2026 को घोषित करते हुए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है जिसका अभ्यर्थी अवलोकन कर सकते है।

उक्त परीक्षा परिणाम मा० उच्च न्यायालय में योजित विशेष अपील संख्या–368/2026 हरविंदर सिंह व अन्य बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 17.04.2026 एवं उक्त आदेश के विरूद्ध मा० उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (डायरी) संख्या–23758/2026 धीरज चंदानी एवं उ०प्र० राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 25.05.2026 के अधीन रहेगा। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सफल अभ्यर्थियों का विषयवार एवं श्रेणीवार साक्षात्कार तिथि का विवरण तथा आवश्यक दिशा–निर्देश आयोग में होने वाले विज्ञापन संख्या 02/2022 प्रवक्ता संवर्ग (पी0जी0टी0) के साक्षात्कार, विज्ञापन संख्या 01/2022 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी0जी0टी0) के परीक्षा परिणाम की तैयारी एवं यू0पी0टी0ई0टी0 (UPTET) की आगामी परीक्षा के कारण आयोग की वेबसाइट पर मध्य जुलाई तक घोषित किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गयी ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाइल नं0 पर एस0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। सफल अभ्यर्थी साक्षात्कार तिथि से 21 दिन पूर्व अपने सभी वांछित मूल अभिलेखों को अपलोड करने के उपरान्त ही साक्षात्कार–पत्र डाउनलोड कर सकते है।

उपसचिव